प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक-01.11.2026

“हेलमेट सिर पर, जीवन हर बार!

सीट बेल्ट बांधो, दुर्घटना टालो!”

◆यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 का भव्य शुभारम्भ

◆ पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा दीप जलाकर यातायात जागरूकता माह का किया गया शुभारम्भ

◆यातायात जागरूकता हेतु NCC कैडेट/छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी/रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

◆जीवन में यातायात के महत्व का वर्णन करते हुए सभी से यातायात नियमों के शत-प्रतिशत पालन करने हेतु की गई अपील

◆सड़क दुर्घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त पीड़ित को त्वरित ईलाज उपलब्ध कराए जाने में आमजन के सहयोग की है महत्वपूर्ण भूमिका

◆यात्रा करने वालों को ससमय व सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में यातायात कर्मियों सहित विभिन्न एजेंसियों का महत्वपूर्ण योगदान

◆पुलिस अधीक्षक भदोही के वक्तव्य के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु किया गया जागरूक

यातायात जागरूकता माह (जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह भी कहा जाता है) का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर साल नवंबर महीने में चलाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित सड़क परिवहन को बढ़ावा देना है। आज दिनांक-01.11.2026 से प्रारम्भ हो रहे "यातायात जागरुकता माह नवम्बर-2026" का पुलिस लाईन ज्ञानपुर में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा श्री राजीव कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी यातयात व श्री धीरेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स व यातायात प्रभारी सहित गणमान्य व्यक्तियों व अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण की उपस्थिति में दीप जलाकर यातायात माह का शुभारंभ किया गया। श्री शैलेश कुमार, जिलाधिकारी भदोही एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व यातायात वाहन को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए यातयात जागरूकता रैली को रवाना किया गया । निकाली गई रैली द्वारा आमजन व वाहन चालकों यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए रैली में शामिल

स्कूली बच्चों/NCC कैडेट द्वारा मुख्य चौराहों, बाजारों में यातायात नियमों का पालन करने जैसे-नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवरलोड/ओवरस्पीड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक,भदोही द्वारा अपने व्यक्तव्य के माध्यम से जीवन में यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को यातायात नियमों के प्रति सचेत किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि पूरे नवम्बर माह तक चलने वाले इस यातायात माह में आमजन को विभिन्न कार्यक्रमों/जागरुकता रैली/नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से यातायात के प्रति लोगों को जागरुक करना है। साथ ही यातायात नियमों का उलंघन करने पर एनफोर्समेंट की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी। लोगों से अपील है कि सभी लोग यातायात नियमों का अपने जीवन में आत्मसात करें जिससे यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। हमे इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए और अपने आस पास के लोगों को व परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करना चाहिए । सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। एक नियम का पालन सैकड़ों जिंदगियां बचा सकता है। सभी नागरिकों से अपील है कि इस माह को केवल अभियान न समझें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

यातायात जागरूकता माह का मुख्य उद्देश्य:

1.सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना

2.यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना

3.हेलमेट, सीट बेल्ट एवं स्पीड लिमिट का अनुपालन बढ़ाना

4.नशे में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने अपने वक्तव्य एवं लोक गायक राजेश परदेशी ने अपने यातायात जागरूकता गीतों के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

“सड़क पर सावधानी, घर में खुशहाली!”

सुरक्षित ड्राइविंग करें। हेलमेट पहनें। सीट बेल्ट बांधें। नियम तोड़ने वालों को रोकें।

यातायात पुलिस

जनपद भदोही